**प्रेस नोट**

**दिनांक 29.03.2025**

**आगामी त्यौहार ईद के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम, परिक्षेत्र बांदा के द्वारा कस्बा मौदहा में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

आज दिनाँक 29.03.2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम, परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना मौदहा में समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक की तथा जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक सुदृढ बनाने हेतु चर्चा की गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तथा आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर के दृष्टिगत थाना मौदहा अंतर्गत कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त एवं भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए स्थानीय दुकानदारों से वार्ता कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। सड़क किनारे लगने वाले अतिक्रमण को हटवाया गया साथ ही जनता को त्योहार की शुभकामना दी गई एवं ईद पर्व के दौरान सावधानी बरतने हेतु कहा गया। सभी वर्गों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए मिलजुल कर त्यौहार मनाने की अपील की गई।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात, क्षेत्राधिकारी राठ, क्षेत्राधिकारी सरीला प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा व अन्य सम्बन्धित/अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।